an>

Title: Need to provide financial assistance to all the patients seeking help from Prime Minister's National Relief Fund.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से चिकित्सा उपचार हेतु आर्थिक सहायता देश में गरीब परिवार के रोगियों के उपचार हेतु एक वरदान है, जो संसद सदस्यों की अनुशंसा पर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करता है। लेकिन मुझे इस विषय पर बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मेरा चुनाव क्षेत्र काफी पिछड़ा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। गंभीर रोगों से पीड़ित रोगियों का इलाज आर्थिक सहायता के अभाव में संभव नहीं हो पाता है तथा इससे कई मरीजों की मृत्यु भी हो जाती है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस विषय की गंभीरता को देखते हुए जितने भी निवेदन मेरे द्वारा आर्थिक सहायता हेतु संस्तुति कर प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे जाते हैं, उनके उपचार का पूरा खर्च प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से शीघ्र देने का प्रावधान किया जाए ताकि गरीब, असहाय मरीजों को इलाज के अभाव में मरने से बचाया जा सके।